**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.02.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 पूर्ण हुआ। घर घर जाकर सत्यापन के बाद मतदाताओं वाली अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की गई।
2. हैशटैग रूट्स ऑफ लाइफ अभियान के अंतर्गत राइट म्यो में मैंग्रोव क्रीक पर्यटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। फॉरेस्टर ने जैव विविधता और समुद्री तटों की सुरक्षा में मैंग्रोव की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।
3. रामाश्रम सत्संग मत्थुरा 26 फरवरी से चार दिवसीय आध्यात्मिक समारोह एवं ध्यान शिविर का आयोजन करेगा।
4. केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से दो दिवसीय द्वीप किसान मेला आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अंडमान निकोबार द्वीप समूह में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया पूर्ण कर आज अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित कर दी गई है। पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर–घर जाकर 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया गया। इस प्रक्रिया में मृत, स्थायी रूप से अन्य राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में स्थानांतरित तथा दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाताओं को सूची से हटाया गया। प्रारूप नामावली पिछले वर्ष तेइस दिसम्बर को प्रकाशित की गई थी। इसके बाद दावे एवं आपत्तियों की अवधि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक चली, जिसमें कुल 16,919 नए मतदाताओं को जोड़ा गया तथा पांच हजार दौ सौ उनहत्तर अपात्र नाम हटाए गए। अंतिम प्रकाशित नामावली के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या दो लाख अठावन हजार चालीस हो गई है। इनमें पुरुष मतदाता एक लाख तीस हजार चार सौ पन्द्रह, महिला मतदाता एक लाख सत्ताइस हजार छ सौ बाइस तथा अन्य वर्ग के 3 मतदाता शामिल हैं। 18–19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 4,070 है, जबकि 2,252 दिव्यांग एवं छ सौ उनासी वरिष्ठ नागरिक मतदाता पंजीकृत हैं।

<><><><><><>

निर्वाचन विभाग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने नामों का सत्यापन कर लें तथा आवश्यकता होने पर फार्म–6 (नाम जोड़ने), फार्म–8 (संशोधन) अथवा फार्म–7 (नाम विलोपन) के माध्यम से आवेदन करें। सहायता के लिए संबंधित बीएलओ या मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया है, जिससे आगामी चुनावों के लिए सटीक एवं अद्यतन नामावली सुनिश्चित हो सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के पर्यटन विभाग ने पर्यावरण एवं वन विभाग के सहयोग से आज राइट म्यो में सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक "मैंग्रोव क्रीक पर्यटन" कार्यक्रम का आयोजन किया। हैशटेग रूट्स ऑफ लाइफ थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को मैंग्रोव पारितंत्र का अनुभव प्रदान कराना था, जिससे वे मैंग्रोव वन के पारिस्थितिक महत्व, जैव विविधता और उनके संरक्षण के मूल्य को बेहतर ढंग से समझ सकें। राइट म्यो क्रीक टूरिज्म के फॉरेस्टर **डी. शेखर** ने मैंग्रोव की संरचना, समुद्री तटों की सुरक्षा में उनकी भूमिका तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनके योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सतत ईको–टूरिज्म को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। आसपास के क्षेत्रों से आए युवाओं और प्रकृति प्रेमियों को ईको–गाइडिंग और प्रकृति आधारित पर्यटन के माध्यम से स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। राइट म्यो क्रीक टूरिज्म के फॉरेस्टर **डी. शेखर** ने आकाशवाणी समाचार से संवाद के दौरान बताया....

<><><><><><><>

रामाश्रम सत्संग (मथुरा) द्वारा श्री विजयपुरम स्थित नगरी इन में 26 फरवरी से 1 मार्च तक चार दिवसीय आध्यात्मिक समारोह एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रातःकालीन सत्र सुबह 6 बजे से 11 बजे तक तथा सांध्यकालीन सत्र शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में प्रख्यात वक्ताओं के प्रवचन, मार्गदर्शित ध्यान सत्र तथा संवादात्मक कार्यक्रम शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य लोगों को आंतरिक शांति, आत्मचिंतन और सकारात्मक जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम में सभी धर्म, जाति एवं समुदाय के लोग शामिल हो सकते है। यह कार्यक्रम क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता, सौहार्द और मानसिक शांति को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से 27 और 28 फरवरी को द्वीप किसान मेला का आयोजन करने जा रहा है। यह दो दिवसीय मेला गाराचरमा परिसर स्थित क्यारी में सुबह नौ बजे से शाम छः बजे तक आयोजित होगा। इस मेले का उद्देश्य द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूल टिकाऊ और जलवायु–लचीली फसल, पशुधन और मत्स्य पालन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। मेले के दौरान किसानों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। साथ ही पुरूष एवं महिला कृषक, स्वयं सहायता समूह, स्टार्टअप्स और छात्र क्यारी के वैज्ञानिकों के साथ संवाद कर सकते हैं। मेले में उन्नत फसल किस्में, एकीकृत कृषि प्रणाली, जलीय कृषि, वैज्ञानिक पशुधन प्रबंधन, बागवानी तकनीक, कटाई के बाद प्रसंस्करण और बाजार संपर्क पर भी जोर दिया जाएगा।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद ने क्षेत्र में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए नागरिकों से पानी की आवश्यकता अनुसार उपयोग करने की अपील की है। परिषद ने बताया कि मौसमी परिस्थितियों के कारण आने वाले दिनों में जल उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। सभी नागरिक पानी का उपयोग केवल आवश्यक कार्यों जैसे पीने, भोजन पकाने और घरेलू जरूरतों के लिए करें। अनावश्यक कार्यों में पानी के उपयोग से बचने का आग्रह किया गया है। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि जल वितरण व्यवस्था में सुधार, लीकेज की मरम्मत तथा आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

<><><><><><><>